52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.5°c अधिकतम 15.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:41 सूर्यास्त : 5:24 | वर्ष : 52/ अंक : 315 | बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयौदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

हमेशा दूसरों की मदद करने का हौंसला प्रत्येक मानव को रखना चाहिए

बीजेपी का बुलडोजर अब गैराज में खड़ा होगा : अखिलेश यादव

बुलडोजर को आराम कहां.... अतिक्रमण, अवैध निर्माण पर कायदे से चलता रहेगा...

बिजली बिल न मिले तो घर में लगा दो आग कहने वाला अफसर निलम्बित

मेरठ, 13 नवंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज जायसवाल ने ऑनलाइन वीसी के दौरान विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि यदि लोगों के बंद मकानों से बिल नहीं वसूला जा रहा तो आग लगा दो। वहीं इस बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद पीवीवीएनएल की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के प्रति इस प्रकार का व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। जीरो टोलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ कार्य करें।

सुबह घना कोहरा, दिन भर धुंध में लुप्त हुआ सूरज

- मौसम में बदलाव की आहट के साथ ठंड का अहसास बढ़ा
- इस मौसम का सबसे कम तापमान पारा 24.5/15.8
- ठंडी शाम में पहली बार गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए लोग

मुजफ्फरनगर, 13 नवंबर (बु.)। सुबह से घने कोहरे और दिन भर आसमान पर स्मॉग की मौजूदगी के बीच आज नगर में दिन भर धुंधलका छाया रहा। इसके चलते आज सूर्य देव जहां काफी मद्धिम या लगभग नदारद रहे, वहीं सुबह के समय तो दृश्यता काफी कम थी। सुबह के समय तो शहर के भीतर भी कोहरे की मोटी परत थी। हाईवे पर कोहरे के चलते वाहनों की गति धीमी रही। ऐसे में आज दिन में पारा भी गिरा और तापमान अधिकतम 24.5 व न्यूनतम 15.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौजूदा सीजन का यह सबसे कम तापमान था। इसके चलते आज मौसम में ठंडक का अहसास बढ़ा और हल्के गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी और लोग पहली बार गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम विभाग ने कोहरे के और बढ़ने की संभावना जताई है। आज सुबह आसमान पर कोहरे की मोटी चादर थी। इसके चलते शहर से लेकर हाईवे कोहरे की चादर ने यातायात को बाधित किया।

वाहन काफी धीमी गति से चलाने पड़े। उम्मीद थी कि सूरज निकलने के बाद कोहरा छंटेगा, लेकिन देर दोपहर तक भी सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। इसके बाद आसमान पर पीले गोल टिक्के की तरह सूरज चमका लेकिन इसमें धूप नदारद थी। ऐसे में तापमान गिरने से शाम को ठंड का अहसास बढ़ गया। शाम के समय ठंडक का असर ऐसा था कि इस मौसम में पहली बार लोग गर्म कपड़े पहने नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली और एनसीआर में इस मौसम का पहला सामान्य कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ धुआं और प्रदूषण भी था, जबकि आज उत्तर भारत के मैदानी इलाकों और दिल्ली में सर्दी के मौसम का पहला असली कोहरा दिखाई दिया है। इससे पहले कश्मीर की चोटियों पर इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई थी। इस घटना से हवा में ठंडक और नमी बढ़ी और अनुकूल हवाएं बनीं। जिस कारण आज उत्तरी मैदानों और दिल्ली व एनसीआर में पहला कोहरे का दिन देखने को मिला। दिल्ली और एनसीआर में लगातार बनी गर्मी ने सर्दियों की शुरूआत होने में देरी कर दी है। वेस्ट यूपी, पंजाब और हरियाणा में भी इसी प्रकार का तापमान देखा गया। स्काईमेट के अनुसार पहाड़ों पर सोमवार को हुई बर्फबारी एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का नतीजा थी।

अब एक और पश्चिमी विक्षोभ तेजी से आ रहा है, जो आज रात कश्मीर और लद्दाख के मध्य और ऊंचे क्षेत्रों में पहुंचेगा। यह सिस्टम पहले वाले की तुलना में थोड़ा अधिक मजबूत होगा और 16 नवंबर तक सक्रिय रहेगा। 12,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाली पर्वत श्रृंखलाओं में एक और दौर की बर्फबारी की संभावना है। जबकि निचले क्षेत्रों में छिटपुट बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। यहां तक कि जम्मू, उधमपुर, सांबा, पठानकोट, अमृतसर, चंडीगढ़ जैसे निचले इलाके में भी बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली और एनसीआर में इस मौसम गतिविधियों के कारण बारिश होने की संभावना नहीं है। इस पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद ठंडी हवाओं के पहाड़ी ढलानों से होते हुए उत्तर भारत के मैदानी इलाकों और दिल्ली व एनसीआर तक पहुंचने की संभावना है। जिसके कारण इस सप्ताह के अंत में तापमान में गिरावट आ सकती है।

अब 'बुलडोजर एक्शन' पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया ब्रेक

- गलत कार्रवाई पर अधिकारी के खिलाफ होगा एक्शन

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को घर छीनने को मौलिक अधिकार का हनन बताया। इसने कहा कि आरोपी एक व्यक्ति है तो पूरा परिवार दोषी कैसे और केवल आपराधिक आरोपों/दोषसिद्धि के आधार पर संपत्तियां नहीं गिराई जा सकतीं। इसके साथ ही न्यायालय ने संपत्तियों को ध्वस्त करने से पहले प्रशासन द्वारा पालन किये जाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं जिनमें अवैध संपत्तियों की जानकारी के लिए एक पोर्टल बनाना भी शामिल है। अदालत की तरफ से कहा गया है कि कार्य पालिका न्यायपालिका का काम नहीं कर सकती। गलत कार्रवाई करने पर अधिकारी पर एक्शन होगा। अदालत से इतर भी बुलडोजर एक्शन हाल के दिनों में चर्चा का विषय बना है। राजनीतिक दलों में इसको लेकर पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए जाते रहे हैं। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को एक आदेश जारी कर देशभर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। अब इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुना दिया है जिस पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। दरअसल, अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीरपुरी में होने वाले ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था। जहांगीरपुरी की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं, जिसके बाद इस अभियान पर रोक लगा दी गई।

हालांकि, याचिकाकताओं ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि वह आदेश दे कि कोई अधिकारी दंड के रूप में बुलडोजर कार्रवाई का सहारा नहीं ले सकते। अगस्त में मध्य प्रदेश और राजस्थान में अधिकारियों द्वारा बुलडोजर की कार्रवाई के खिलाफ दो याचिकाएं न्यायालय में दायर की गई थीं। इनमें से एक उदयपुर के एक मामले से संबंधित था, जहां एक व्यक्ति का घर इसलिए गिरा दिया गया क्योंकि उसके किराएदार के बेटे पर अपराध का आरोप था। उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले को लेकर याचिकाकर्ता कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केवल इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसे ध्वस्तीकरण का आधार नहीं बनाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट में जब ये याचिकाएं पहुंचीं तो इसकी सुनवाई हुई। इसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के घर को केवल इसलिए नहीं गिराया जा सकता क्योंकि उस पर किसी अपराध का आरोप है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'अगर वह दोषी भी है तो भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता। कानून के अनुसार प्रक्रिया के अनुसार ही घर गिराया जा सकता है।' इसके बाद 17 सितंबर को न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश पारित किया कि देश में उसकी अनुमति के बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। हालांकि, सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जलाशयों पर अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट ने छूट दी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारित किया था। 17 सितंबर के आदेश के कुछ समय बाद असम के 47 निवासियों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक अवमानना याचिका दायर की। न्यायालय ने इस अवमानना याचिका पर नोटिस जारी किया और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। इसके बाद 28 सितंबर को गिर सोमनाथ में अधिकारियों द्वारा मुस्लिम धार्मिक और रिहायशी स्थलों को अवैध रूप से ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए एक और अवमानना याचिका दायर की गई।

बुलडोजर एक्शन पर 'सुप्रीम' फैसला: मायावती बोलीं- खत्म होगा आतंक

लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसी)। आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकारों बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इससे बुलडोजर का छाया आतंक अब खत्म होगा। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े आज के फैसले व इससे संबंधित कड़े दिशा-निर्देशों के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े आज के फैसले व तत्सम्बंधी कड़े दिशा-निर्देशों के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं बन सकती है। बिना प्रक्रिया आरोपी का घर तोड़ना असंवैधानिक है। यहां तक कि दोषी पाए जाने पर भी सजा के तौर पर उनकी संपत्ति नष्ट नहीं की जा सकती है।

नेताओं के दावे फेल, खुद सांसद हरेन्द्र मलिक के ट्यूबवैल पर चोरी

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। यूं तो चुनाव लड़ते समय प्रत्येक पार्टी के नेता ऐसे-ऐसे दावे करते हैं, जैसे कल ही जिले का भविष्य ठीक हो जायेगा, मगर कभी-कभी सबकुछ उल्टा-पुल्टा हो जाता है। खुद मुजफ्फरनगर के सांसद के खेत ही सुरक्षित नहीं है, तो चोरी के लिए ओर कौन सा क्षेत्र सुरक्षित हो सकता है। हाल ही में सपा सांसद बने हरेन्द्र मलिक के ट्यूबवैल पर चोरी बुधवार को चर्चाओं का विषय बनी रही। दरअसल तितावी थाना क्षेत्र के कादीखेड़ा में सपा के सांसद हरेन्द्र मलिक के खेत हैं। जहां सौर ऊर्जा से टयूबवैल चलाने के लिए उन्होंने पूरा प्लांट लगाया हुआ है। मंगलवार की रात चोर इन सौरऊर्जा की प्लेटों को चोरी करके ले गये। पुलिस ने तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मगर सांसद हरेन्द्र मलिक के खेतों में चोरी होना हैरानी का विषय है। ठीक वैसा ही वाकया सामने आया है, जैसा अपनी ही सत्ता के समय में आजम खां की भैंसे और उक्त चोरी की गूंज सिर्फ यूपी ही नहीं पूरे देश में हुई थी। इसी तरह हरेन्द्र मलिक के खेतों से प्लेटों की चोरी होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि ऐसे में अपराध किस तरह से घट पायेंगे, जब चोरों को ये ही खौफ नहीं है कि कम से कम सांसद के खेतों का भय तो मन में रखना ही चाहिए।

गंगा स्नान को जाते समय ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

जानसठ, 13 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव अहरोड़ा निवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मखदुमपुर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। गंगा स्नान को जाते हुए एक युवक ट्रैक्टर के बोनिट पर बैठा हुआ था। ब्रेकर आ जाने पर वह ट्रैक्टर से फिसलकर नीचे गिर गया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई। स्वजनों ने उसे मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गांव अहरोड़ा निवासी 19 वर्षीय नितिन पुत्र कुलदीप स्वजन के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से गंगा स्नान करने मखदुमपुर जा रहा था। नितिन ट्रैक्टर पर आगे बोनट पर बैठा हुआ था। जैसे ही ट्रैक्टर मवाना थाना क्षेत्र के गांव नगला हरेरू के पास पहुंचा, तो सड़क पर ब्रेकर आ गया। ब्रेकर पर ट्रैक्टर उछलने की वजह से नितिन ट्रैक्टर से फिसल कर सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से नितिन को गंभीर चोटें आई। स्वजनों ने आनन-फानन में उसे मवाना अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ में उपचार के दौरान नितिन की मौत हो गई। नितिन की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। जैसे ही नितिन की मौत की सूचना गांव में पहुंची, तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजनों ने बुधवार को नितिन के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

भूमि की पैमाइश में लापरवाही पर एक आईएएस और तीन पीसीएस निलंबित, सरकार ने लिया सख्त फैसला

लखनऊ, 13 नवम्बर (एजेंसी)। प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए रखने पर एक आईएएस और तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वर्तमान में वे अलग-अलग जिलों में तैनात थे। इन तीनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया है। शासन ने आईएएस अधिकारी व अपर आयुक्त लखनऊ मंडल धनश्याम सिंह को निलंबित कर दिया है। पीसीएस अधिकारियों में बाराबंकी के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, झांसी के नगर मजिस्ट्रेट विधेश सिंह, बुलंदशहर की एसडीएम रेनु को निलंबित किया गया है। इन चारों अधिकारियों ने लखीमपुर खीरी में अपनी तैनाती के दौरान पैमाइश के मामलों में टालमटोल की। यहां बता दें कि लखीमपुर खीरी के सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा का 24 अक्तूबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह स्कूटी पर बैठकर कलक्ट्रेट परिसर गए और बीच सड़क पर एसडीएम से लेकर कानूनगो की शिकायत करते हुए नजर आए। इस वीडियो में विधायक कह रहे थे कि सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वेश्वर दयाल की भूमि की पैमाइश के लिए घूस में 5000 रुपये लिए गए। इस घूस की रकम को वापस किया जाए। इस मामले में तत्काल उच्चस्तर से जांच के आदेश दिए गए। नियुक्ति विभाग ने लखीमपुर खीरी के डीएम से इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी थी। इसमें यह पूछा कि छह साल पहले यानी वर्ष 2019 के बाद कौन-कौन उप जिलाधिकारी, तसीलदार और नायब तहसील वहां तैनात रहे। उन्होंने पैमाइश के मामले में क्या कार्रवाई की। डीएम से मिली रिपोर्ट के आधार पर इन चारों अफसरों को दोषी पाया गया है।

नहर विभाग के खंडहर पड़े भवन में चल रही थी तमंचा कारीगरी

- चुनावी माहौल के बीच भोपा में पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री

मुजफ्फरनगर, 13 नवंबर (बु.)। चुनावी सरगर्मियों के बीच थाना भोपा पुलिस व एसओजी टीम ने नहर विभाग के खंडहर पड़े भवन में चल रही एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री जब्त करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में बने-अधबने अवैध शस्त्र व शस्त्र निर्माण करने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस छापे की आहट मिलते ही उनके तीन साथी भाग खड़े हुए।एसपी देहात आदित्य बंसल ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना भोपा तथा एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण करने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को ग्राम नंगला बुजुर्ग के जंगल में नहर विभाग के खंडहर पड़े भवन से गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम नंगला बुजुर्ग के जंगल में गंगनहर के किनारे नहर विभाग के खंडहर में अवैध शस्त्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पुलिस की दबिश के दौरान 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके अन्य साथीगण मौके से फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में बने-अधबने अवैध शस्त्र व शस्त्र निर्माण करने के उपकरण बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि वे पांच हजार रुपये में एक तमंचा बेचते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में अकरम उर्फ कग्गा पुत्र हनीफ व उसके भतीजे इसरार पुत्र मरहूम सुलेमान निवासी नया गांव थाना भोपा बताए गए हैं। फरार अभियुक्तों इरशाद उर्फ बाबू पुत्र फय्याज व उसका भतीजा असलम पुत्र युसुफ निवासी ग्राम अलीपुर तिस्सा थाना भोपा तथा अली नवाज उर्फ अलीया पुत्र मुन्ना निवासी खेड़ी फिरोजाबाद थाना ककरौली हैं। मौके परा एक डबल बैरल बन्दूक 12 बोर, चार सिगल बैरल बंन्दूक 12 बोर, एक मस्कट 315 बोर, 13 तमंचे 315 बोर, एक अदद 12 बोर, 8 नाल छोटी बडी, 12 बोर (अध बनी) तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उनके द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण का कार्य किया जाता है तथा अवैध शस्त्रों को जनपद के विभिन्न स्थानों में मांग के आधार पर सप्लाई कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

पांच प्यारों की अगवानी में निकला नगर कीर्तन, सजा दरबार

- बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने किया हरी झंडी दिखा रवाना
- गांधी कॉलोनी में यात्रा का हुआ हर घर स्वागत

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। धन-धन श्री गुरू नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को गांधी कालोनी स्थित गुरूद्वारा से श्री गुरू सिंह सभा द्वारा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन प्रातः 11:30 बजे गांधी कालोनी गुरूद्वारा से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए देर रात्रि रोडवेज के निकट स्थित गुरूद्वारे पर संपन्न हुआ। इस दौरान नगर के मुख्य मार्गो से बाजारों तक संगत ने पुष्प वर्षा करते हुए नगर कीर्तन का स्वागत किया। वहीं जगह-जगह प्रकाश पर्व पर विभिन्न खाद्य सामग्री और पेय पदार्थो का प्रसाद स्वरूप इस बीच वितरण किया। नगर कीर्तन में शहर के मशहूर बैंड के अलावा पंजाब से आए बैग पाईपर बैंड व गुरू गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के दशमेश बैंड ने नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा दी। इसके साथ ही पंजाब से आई सुन्दर झांकियां व पंजाब से आया गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर इस बीच नगर में संगत का मन मोह लिया।

नगर कीर्तन को पंजाबी समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर प्रारम्भ किया। इस दौरान श्री गुरू सिंह सभा के प्रधान सरदार हरजीत सिंह गुराया एवं सेक्रेट्री स. धनप्रीत सिंह चन्नी बेदी ने सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। नगर कीर्तन में नगरीय क्षेत्र के साथ ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ट्रालियों द्वारा संगत नगर कीर्तन में शामिल हुई। नगर कीर्तन में श्रीगुरू ग्रंथ साहिब जी की सवारी पालकी में विराजमान थी जिसकी अगवानी पांच प्यारे गणवेश में कर रहे थे। पांच प्यारो के आगे संगत झाड़ू व पानी का छिड़काव करते हुए संगत की युवा टीम वाहेगुरू के जयकारों के साथ आगे बढ़ते हुए दिखायी दी। नगर कीर्तन गांधी कालोनी स्थित गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर में पहुंची, जहां से मालवीय चौक, अंसारी रोड, रुड़की रोड, शिवचौक, झांसी की रानी, जिला परिषद मार्किट, कोर्ट रोड, प्रकाश चौक होते हुए देर रात्रि में नगर कीर्तन रोडवेज गुरूद्वारा में पहुंच कर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में गांधी कालोनी की प्रभात फेरी के साथ नुमाईश कैम्प और घास मंडी की प्रभात फेरियां कीर्तन करते हुए चल रही थी। इस नगर कीर्तन के रास्ते में अलग-अलग प्रकार के प्रसाद के स्टाल लगाए। आतिशबाजी की व्यवस्था श्री गुरू सिंह सभा द्वारा की गयी थी। श्री गुरू सिंह सभा द्वारा आए हुए लोगों व ट्राली से पधारे हुए गांव के लोगों को मिष्ठान प्रसाद देकर रवाना किया गया। नगर कीर्तन की समाप्ति पर रोडवेज गुरूद्वारे में गुरू लंगर की व्यवस्था भी की गयी। श्री गुरू सिंह सभा के प्रधान स. हरजीत सिंह गुराया व सैक्रेट्री स. धनप्रीत सिंह चन्नी बेदी ने पैदल ही चलकर पूरे नगर कीर्तन की व्यवस्था को संभाला व गुरू सिंह सभा कमेटी के सभी सदस्यों ने साथ में कंधे से कंधा मिलाकर सेवा में भाग लिया। नगर कीर्तन को सुचारू रूप से नगर में निर्विघ्न संपन्न कराया। इसी क्रम में श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व 15 नवंबर दिन शुक्रवार को रोडवेज के निकट गुरूद्वारे में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बड़े धूमधाम के साथ में मनाया जाएगा।

नगर कीर्तन मार्ग पर की साफ सफाई, छिड़का पानी

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। श्री गुरू सिंह सभा की ओर से आयोजित नगर कीर्तन के दौरान सिख समाज के लोगों ने पालकी के आगे साफ सफाई का काम किया। वहीं समाज की महिलाओं ने नगर कीर्तन में सेवा भाव का परिचय देते हुए सड़कों पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। उनका यह कार्य समाज में सेवा का संदेश देते हुए सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। इस सेवा कार्य ने सिख समाज की धार्मिक परंपराओं में सेवा भावना को और भी मजबूती से लोगों के सामने रखा। पांच प्यारों की अगुवाई में शहर भर में गुरु पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला गया। श्री सिंह सभा के प्रधान ने बताया कि नगर-कीर्तन में प्लास्टिक की किसी वस्तु का प्रयोग नहीं किए जाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नगर कीर्तन के दौरान नगर कीर्तन के पीछे भी विशेष रूप से सफाई कार्य को करते हुए नया संदेश दिया और कूड़े को ट्राली में एकत्र भी किया।

गुरुग्रंथ साहिब की पालकी पर टेका मत्था, लिया आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। बुधवार को नगर क्षेत्र में निकले नगर कीर्तन के दौरान भारी संख्या में सिख धर्म के लोगों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर श्री गुरू सिंह सभा के सानिध्य में नगर में सिख समाज के लोग और श्रद्धालुओं ने पालकी पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस बीच नगर कीर्तन जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा। दिनभर इस भव्य नगर कीर्तन के कारण पूरा माहौल भक्तिमय रहा। इस अवसर पर अलग अलग टोलियों में सिख समाज के लोग शबद कीर्तन करते नजर आए। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का दरबार फूलों से सजी पालकी में सजाया गया। जहां-जहां नगर-कीर्तन गया वहां पर संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे इस बीच मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।

गतका पार्टी ने दिखाए तमाम हैरतअंगेज करतब, सहमे लोग

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। श्री गुरू नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व में बुधवार को गांधी कालोनी स्थित गुरूद्वारा से श्रीगुरू सिंह सभा की ओर से आयोजित नगर कीर्तन में पंजाब से आई गतका पार्टी ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने को भी विवश कर दिया। इन करतबों को देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। इस बीच हर कोई गतका पार्टी के सदस्यों का प्रदर्शन देखकर वहीं ठहर गया। लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड भी की। गतका पार्टी की ओर से की गई तलवारबाजी, लठबाजी और एक सदस्य द्वारा आंखों पर पट्टी बांधकर दूसरे सदस्य के मुंह में रखी लोकी को पहले दो हिस्से और बाद में उसके स्वचालित मशीन से कई हिस्सों में काटकर लोगों की सांसे रोक दी। इसके अलावा गतका पार्टी के कई अन्य करतब नगर कीर्तन में लोगों की चर्चा के केंद्र में रहे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 13 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 14 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1305: क्लेमेंट वी को पोप का ताज पहनाया गया, जो एविग्नन पॉप्स के पहले व्यक्ति बन गए। 1380: फ्रांस के किंग चार्ल्स को 12 साल की उम्र में राजगद्दी सौंपी। 1533: स्पेन के खोजकताओं ने दक्षिणी अमरीका के उत्तर पश्चिम में स्थित एक्वाडोर का पता लगाकर उसे अपने उपनिवेश में शामिल कर लिया। 1732: उत्तरी अमेरिका में सबसे पहले पेशेवर लाइब्रेरियन लुई टिमोथी को फिलाडेल्फिया में काम पर रखा गया। 1681: ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल को एक अलग रियासत बनाने की घोषणा की। 1883: चिली की कांग्रेस ने राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना की। 1889: स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म। 1921: कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ स्पेन की स्थापना हुई। 1922 : ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा की शुरूआत की। 1935: आधुनिक जॉर्डन के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शाह हुसैन का जन्म। 1948: ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय का जन्म। वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र हैं। 1955: कर्मचारी राज्य बीमा निगम का उद्घाटन। 1960: चेक गणराज्य में दो रेलों की टक्कर में 110 लोग मारे गए। 1964: बाल दिवस के रूप में मनाने का आधिकारिक ऐलान। 1969: अपोलो-12 को प्रक्षेपित किया गया, जो तीन अंतरिक्षयात्रियों को लेकर आकाश की अनंत गहराइयों को पार करते हुए चंद्रमा पर पहुंचा। 1973: महारानी एलिजाबेथ की एकमात्र पुत्री राजकुमारी ऐनी ने फौज में लेफ्टिनेंट मार्क फि लिप्स से विवाह किया। यह शाही परिवार के किसी सदस्य का किसी आम शहरी से विवाह करने का विरला अवसर था। 1991: अमेरिका ने लॉकर्बी हमले के लिए लीबिया के दो गुप्तचर अधिकारियों को दोषी ठहराया और उन्हें अमेरिका के हवाले करने की मांग की। 2002: चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2006: भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान आतंकवाद निरोधक तंत्र विकसित करने पर सहमति जतायी। 2008: मून इंपैक्ट प्रोब चांद की सतह पर उतरा।

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर, 2024

मेष- पुरुषार्थ के प्रति रुचि, लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त, बुद्धि की विकास, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

वृषभ- मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, पारिवारिक जीवन सुखमय, सद्विचारों से आत्मिक शांति, निजी इच्छा की पूर्ति, यात्रा सफल।

मिथुन- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, पुराने विवाद का समापन, परोपकार की भावना जागृत, हर्षोल्लास का वातावरण, लाभ भी।

कर्क- आरोग्य सुख में कमी, उन्नति में व्यवधान, व्यय की अधिकता, कार्यक्षमता में कमी, अध्ययन में व्यतिक्रम, मित्रों से तनाव, निजी प्रतिभा के उपयोग से वंचित।

सिंह- ग्रहयोग बेहतर, कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, योजना का सुपरिणाम, मनोविनोद।

कन्या- आरोग्य सुख, साहसिक प्रयास प्रगति की ओर, व्यक्तित्व का विकास, नवीन उपलब्धि, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता।

तुला- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, वाद-विवाद की स्थिति में कमी, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, आकस्मिक लाभ, धर्म में आस्था।

वृश्चिक- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, सामयिक कार्यों में असफलता, साझेदारी के व्यापार में हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मन अशांत, वाहन से भय।

धनु- आशा की पूर्ति, किसी के माध्यम से कार्य प्रगति पर, लाभ का सुअवसर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आय के स्रोत।

मकर- बुद्धि-विवेक से संकल्प सिद्धि, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, व्यक्तित्व का विका, यश में वृद्धि।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, स्वयं का निर्णय हितकर, भौतिक सुख के साधन सुलभ, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

मीन- दिनचर्या अव्यवस्थित, धन का अभाव, योजना अधूरी, प्रियजनों से मतभेद, विरोधी प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, मानसिक कष्ट, व्यर्थ भ्रमण से व्यय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भोपा रोड पर हरे भरे पेड़ों पर चला आज भी कुल्हाड़ा

मुजफ्फरनगर, 13 नवंबर (बु.)। पर्यावरण को लेकर चाहे जितनी चिंताएं जताई जा रही हों, लेकिन प्रशासन और वन विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। क्षेत्रवासियों के विरोध के बावजूद आज भी भोपा रोड पर हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ा बजने का काम चला। आज भी बड़ी संख्या में पेड़ कटे मिले। भोपा रोड पर फ्लाईओवर से द्वारिकापुरी मोड के बीच हरे पेड़ों का कटान जारी है। गत दिवस पेड़ों के कटान का स्थानीय लोगों ने विरोध किया था। यह हरे भरे पेड़ इस मार्ग का सौंदर्य तो हैं ही, पर्यावरण के लिए भी मददगार हैं। इन पेड़ों का कटान रोकने की मांग के बावजूद प्रशासन और वन विभाग के कानों पर कोई जूं नहीं रेंगी। वन विभाग वैध और अवैध रूप से पेड़ कटवाने का काम चल रहा है।

श्रीराम कॉलेज को बागवानी प्रदर्शनी में मिला अवार्ड

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बुस.)। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में सजावटी बागवानी के लिए स्मार्ट खेती समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 150 वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इनके साथ-साथ सम्मेलन में 20 स्टाल लगाये गये।

प्रदर्शनी स्टॉल मे श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, मुजफ्फरनगर के कृषि विभाग द्वारा भी स्टाल लगाया गया। प्रदर्शनी मे श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, मुजफ्फरनगर द्वारा दुर्लभ सजावटी पौधों को प्रदर्शित किया गया, जो प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पुष्प जैसे लिलियम, कार्नेशन, जरबैरा, ट्यूलिप, गुलाब और डारसेना प्रजाति के पुष्पों के साथ-साथ सजावटी पौधों के रूप में एंथुरियम, स्नेक फर्न, कुरकुमा पिंक, मिलोनी गोल्ड, फिलोडेंड्रॉन, मून साइन, क्लोरोफाइटम, एग्लोनिमा रेड, एग्लोनिमा ग्रीन, एग्लोनिमा वाईट, एशियाटिक लिलि, ओरिएंटल लिलि, डिफेनबैचिया, कैलाथिया, बर्ड नेस्टफर्न आदि पुष्प एवं पौधों को प्रदर्शित किया गया। अवार्ड व मूल्यांकन समिति द्वारा श्रीराम ऑफ कॉलेज के प्रयासों की सराहना करते हुये उत्कृष्ट बताया एवं द्वितीय स्थान प्रदर्शनी स्टाल से सुशोभित किया। विश्वविद्यालय करनाल द्वारा स्टाल की सराहना करते हुये कहा कि यद्यपि श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज, मुजफ्फरनगर का कृषि विभाग बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए पौधे उच्च कोटि एवं दुर्लभ प्रजाति के हैं, जो ये प्रदर्शित करता है कि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, मुजफ्फरनगर द्वारा बागवानी के क्षेत्र मे सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, मुजफ्फरनगर के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एससी

कुलश्रेष्ठ द्वारा सभी अतिथियों को अगलोनेमा के पौधों को भेट किया गया। डॉ एससी कुलश्रेष्ट द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि सजावटी पौधों की नर्सरी आदि तैयार करने में श्रीराम कॉलेज प्रशिक्षण भी कराता है, जिससे अधिक से अधिक लोग तकनीकी ज्ञान पा सके। और नर्सरी उगाने में जागरूक हो सके। साथ में यह भी बताया कि बागवानी में खास करके पुष्प बहुत महत्त्व रखता है। पुष्प की खेती करने से सिर्फ वातावरण ही शुद्ध नहीं रहता बल्कि इसका उत्पादन आर्थिक लाभ भी देता है। उन्होंने यह भी बताया कि यद्यपि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा फ्लोरीकल्चर पर अनेक लाभ दिये जा रहे हैं, लेकिन जब तक समय से विक्रय की व्यवस्था एवं विशेष तौर पर नकली पुष्पों के उत्पादन पर रोक नहीं लगाई जायेगी, तब तक पुष्प उत्पादक किसान को लाभ नहीं हो पायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पोली हाऊस के डिजाइन पर भी शोध करना चाहिये, ताकि अलग-अलग पारिस्थितियों में अलग-अलग फसल को सुगमता से उगाया जा सके।

पुलिसकर्मियों से मारपीट के आरोपी को जेल भेजा

छपार, 13 नवम्बर (बु.)। पुलिसकर्मियों से मारपीट व वर्दी फाड़ने के आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। छपार थाना पुलिस के दो सिपाही पानीपत-खटीमा बाईपास पर रेड़ी गांव के पास गश्त कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने दो युवकों को आपस में मारपीट करते देखा। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा युवकों को फटकार लगाकर चेतावनी दी। आरोप है कि इस दौरान एक युवक गौरव पुत्र उमेश निवासी भायला थाना देवबंद ने पुलिसकर्मियों पवन कुमार व सोहनबीर पर हमला कर दिया। सिपाहियों से मारपीट कर एक सिपाही की वर्दी भी फाड़ दी, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच थाने लाया गया। छपार थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट का केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

गोल्डन पब्लिक स्कूल ने जीता सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज का फर्स्ट राउंड

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई द्वारा आयोजित हेरिटेज इंडिया क्विज 2024 के पहल राउंड में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की है। इस क्विज का आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और इतिहास के ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। क्विज में देश भर के विभिन्न स्कूलों से कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन गोल्डन पब्लिक स्कूल की टीम ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और त्वरित उत्तर देने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। विजेता टीम में कक्षा 9 ए की छात्रा प्रकृति, 9 सी की छात्रा आराध्या बालियान और कक्षा 10 ब की छात्रा रितिका चौधरी थी। टीम के सभी सदस्य न केवल इतिहास के गहरे ज्ञान से परिचित थे, बल्कि उन्होंने प्रश्नों के त्वरित और सटीक उत्तर देकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार ने छात्रों की शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और गर्व व्यक्त किया तथा आगामी राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसैन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष ऋतु शर्मा, सह सचिव रितिका बिंदल ने टीम को बधाई दी और क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

विस्फोट के बाद इंडिगो और एयर इंडिया की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसी)। इंडिगो व एयर इंडिया ने इंडोनेशियाई द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट से उत्पन्न राख के कारण बुधवार को बाली के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दीं। इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत के एक सुदूर द्वीप में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी इस महीने की शुरूआत में फट गया था और इसके परिणामस्वरूप राख के बादल छा गए हैं। ये बादल उड़ान संचालन के लिए खतरा बन सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप, कई एयरलाइनों ने बाली के लिए अपनी सेवाएँ रद्द कर दी हैं। इंडिगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बाली में हाल ही में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण, इस क्षेत्र से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, क्योंकि राख के बादल हवाई यात्रा को प्रभावित कर सकते हैं।"

खतौली में अधिवक्ताओं का आंदोलन दसवें दिन भी जारी

खतौली, 13 नवम्बर (बु.)। अधिवक्ताओं द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन के तहत बुधवार को दसवें दिन भी तहसील खतौली अधिवक्ता न्यायिक हड़ताल पर बने रहने से फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद न्यायालय में वकीलों पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर बने हुए हैं, जिसके फलस्वरूप आज तहसील में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं हो रहा है। जबकि सुबह से अलग क्षेत्रों से फरियादियों का आना तहसील प्रांगण में शुरू हो जाता है, परन्तु हड़ताल होने के कारण फरियादियों को निराश होकर वापस जाना पड़ रहा है। शासन व प्रशासन स्तर से गाजियाबाद प्रकरण पर कोई ठोस कार्यवाही न होने के कारण वकीलों का आक्रोश जहां बढ़ रहा है, वहीं तहसील में भी सभी न्यायिक कार्य ठप होकर रह गये हैं। दोषियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने से अधिवक्तागण आन्दोलन पर हैं। धरने पर जगदीश आर्य, सरदार जितेन्द्र सिंह, सचिन आर्य, प्रमोद शर्मा, अभिषेक गोयल, सचिन, श्रवण, सुलेमान, शकुन्तला देवी, नवाब सिंह, रामचन्द्र सैनी, कपिल, नवीन उपाध्याय, जगबीर, रतन सिंह, मजाहिर आदि मौजूद रहे।

पीआर पब्लिक स्कूल में हुई आउटडोर योगा क्लास

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। नगर के पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में बुधवार को आउटडोर योगा क्लास का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य योगासन के माध्यम से शरीर को स्वस्थ व तंदुरुस्त बनाए रखने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ योगा ट्रेनर मुकुल दुआ, वर्तिका, मीनाक्षी व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। योगासन की शुरूआत ध्यान मुद्रा में धन्यवाद गीत के साथ की गई। योगा ट्रेनर्स द्वारा कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को सूर्य नमस्कार, मंडूकासन, सिंहासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम, भुजंगासन, धनुरासन, गोमुखासन, शीर्षासन आदि योग क्रियाएं करते हुए योग क्रियाओं से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने विद्यार्थियों को नियमित योगासन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग शरीर के हर हिस्से में स्फूर्ति और ऊर्जा लाता है। योग और ध्यान आपको शांत व एकाग्रचित होना सिखाता है। शारीरिक स्फूर्ति के साथ-साथ आसन बच्चों के लिए तनाव दूर करने का एक शानदार तरीका है।

आप सभी को योगासन के साथ एक संतुलित और नियमित आहार प्रणाली को भी अपनाना चाहिए। यदि आप ऐसा करते हैं तो आप एक स्वस्थ, तंदुरुस्त एवं फुर्तीले शरीर के मालिक बन सकते हैं। स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने इस योग क्लास में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह की योग कक्षाओं के आयोजन का उद्देश्य आप सभी को एक सकारात्मक और ऊर्जा पूर्ण वातावरण देना है। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने योग क्लास में उपस्थित सभी योग प्रशिक्षकों को पटका पहना कर सम्मानित किया तथा योग से जुड़ी रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारी देने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए स्कूल के बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, शंकर शर्मा, मिस चांदनी, प्रज्ञा सिंधी, अनुपम सैनी, विश्वबंधु शर्मा, शिखा ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

पहले चरण की 43 सीटों पर 2019 से ज्यादा मतदान

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसी)। झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पहले दौर में प्रदेश के 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक वोटिंग कराई गई। शाम साढ़े सात बजे तक के आंकड़े के अनुसार 43 सीटों पर 65.27% मतदान दर्ज किया गया है। पहले चरण में बुधवार को जहां चुनाव हुआ है, वहां 2019 में 63.75% मतदान हुआ था। यानी शुरूआती आंकड़े से ही पता चल रहा है कि पहले चरण की इन 43 सीटों पर 2019 के मुकाबले एक फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। चुनाव आयोग की तरफ से अंतिम आंकड़े जारी होने पर मतदान प्रतिशत और ज्यादा हो सकता है। पहले चरण के मतदान के साथ ही इस चरण में उतरे सभी 683 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास जैसे चर्चित चेहरों के सियासी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है।

सौतेले पिता ने बेटियों-नाती से किया दुष्कर्म, दो हुई गर्भवती, तीसरी ने की आत्महत्या, चौथी बोली..

सहारनपुर, 13 नवंबर (एजेंसी)। एक सौतेले पिता ने अपनी दो बेटियों को हवस का शिकार बनाया। इसके बाद नाती से भी दुष्कर्म किया। एक बेटी और नाती गर्भवती हो गईं, तो नाती ने आत्महत्या कर ली। अब आरोपी अपनी छोटी नाती के साथ भी दुष्कर्म करना चाहता है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली मंडी क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसका अपने पति से कई साल पहले अलगाव हो गया था, जिसके बाद वह अपनी दो बेटियों के साथ मायके आकर रहने लगी थी। उसकी मां की मौत हो चुकी है। यहां सौतेले पिता ने कई साल तक उसके और उसकी छोटी बहन के साथ दुष्कर्म किया। समाज के डर और बेटियों के सिर से छत छिनने की धमकी पर वह सबकुछ चुपचाप झेलती रही।

इसके बाद सौतेले पिता ने उसकी बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसकी बहन और बड़ी बेटी गर्भवती हो गईं। तंग आकर बड़ी बेटी ने चार साल पहले आत्महत्या कर ली।

मैदान पर आ गए कीट पतंगे, रोकना पड़ा मैच

सेंचुरियन, 13 नवंबर (एजेंसी)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरे टी20 मैच में कीड़ों ने खलल डाला जिसके कारण मैच को रोकना पड़ा है।

मैदान पर काफी उड़ने वाले कीडें है जिस कारण दोनों टीमों के खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है। हार्दिक पांड्या दूसरा ओवर फेंकने जा रहे थे, लेकिन अंपायर ने उन्हें रोका और चर्चा के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए हैं।

निष्पक्ष रहकर मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराएं : सीडीओ

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (सूवि.)। मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया ने कहा कि आगामी 23 नवंबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना सम्पन्न कराई जाएगी। आज जिला पंचायत सभागार में मतगणना कार्मिकों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि मतगणना कार्य को पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पादित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, मतगणना के दौरान पूर्ण सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक प्रत्येक दशा में प्रातः निर्धारित समय पर मतगणना स्थल पर उपस्थित रहेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टेबल पर मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक व माईक्रो ऑबजर्वर तैनात रहेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मतगणना

के दौरान की जाने वाली प्रक्रिया के विषय में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी है, यदि किसी को मतगणना के समय किये जाने वाले कार्यों में किसी बात की शंका हो तो वह जानकारी प्राप्त कर सकता है, उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को एक बार अच्छे पढ़कर समझ ले। उन्होंने कहा कि 16-मीरापुर विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब मतगणना की बारी है। मतगणना हॉल में मतगणना कार्मिकों सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मतगणना हॉल सीसीटीवी कैमरे में होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो भी जिज्ञासाएं आएं उनको दूर किया जाए, जिससे कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मतगणना हॉल में यदि कोई समस्या आए तो अपने आरओ एवं उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाई जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार द्वारा सभागार में मौजूद मतगणना कार्मिकों को मतगणना के विभिन्न कार्यों पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। उनके द्वारा बताया कि कन्ट्रोल यूनिट का मतगणना के दौरान कैसे प्रयोग करते हुए मतगणना कैसे सम्पन्न करानी है, इसका भी सभागार में पीपीटी के माध्यम से प्रोजेक्टर पर दिखाया गया। उन्होंने बताया कि मतों की गिनती हेतु मतगणना प्रारूप उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें काउंटिंग के दौरान प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की संख्या भरी जायेगी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित मतगणना कार्य में लगे सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

इलाज के बाद मां की तबीयत बिगड़ी तो युवक ने डॉक्टर को चाकू से गोदा

चेन्नई, 13 नवंबर (एजेंसी)। चेन्नई के एक सरकारी अस्पताल में एक युवक ने बुधवार सुबह डॉक्टर को सात बार चाकू से गोद दिया। यह घटना कलाइगनार सेंचुरी अस्पताल के ओपीडी में हुई। युवक ने डॉक्टर पर आरोप लगाया किया कि उन्होंने उसकी कैंसर पीड़ित मां के लिए गलत दवा लिखी थी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने बताया कि डॉक्टर एक वरिष्ठ चिकित्सक हैं और हृदय रोग से पीड़ित हैं। इस हमले में उन्हें पेट में कुछ चोटें आई हैं। वह पहले से ही एक पेसमेकर का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि डॉक्टर की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह आईसीयू में हैं। हमले के बाद आरोपी युवक (26 वर्षीय) भागने की कोशिश कर रहा था। लेकिन उसे पकड़ लिया गया और उसे गिंडी पुलिस थाने को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक, हमलावर ने अपने पास एक छोटा सा चाकू छिपाकर रखा हुआ था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालन ने हमले की निंदा की और जांच के आदेश दिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे हमले नहीं होंगे और डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। स्टालिन ने कहा, डॉक्टरों ने की सेवा सराहनीय है और उनकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

ज्ञानस्थली में स्पोर्ट्स मीट में किंजल सैनी, असब कुरैशी एवं अवनीत कौर बने चैम्पियन

मीरापुर, 13 नवम्बर (बु.)। कस्बे के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने मशाल प्रज्ज्वलित कर व प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को खेल भावना के साथ ईमानदारी से प्रतिभाग करने की शपथ दिलाकर किया। सब- जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चों के बीच आयोजित "लेमन रेस" में क्रमशः जसराज सिंह, निपुन चौधरी, आस्था मित्तल व रिद्धि सचदेवा प्रथम रहे। "सैक-रेस" में हाद कुरैशी, निकुंज कुमार, किंजल सैनी व आयुष पाल। "100 मीटर" दौड़ में वत्सल धीमान, तनिश कुमार, मोहम्मद असद, उन्नति, निकुंज कपसिया व उर्वशी खारी तथा "200 मीटर" दौड़ में असब कुरैशी, मोहम्मद समद, श्रद्धा विश्वकर्मा व अवनीत कौर तथा "400 मीटर" दौड़ में मोहम्मद उवेश, सनरीत कौर, एवं शगुन बसोया। "800 मीटर" दौड़ में मोहम्मद रिहान, हार्दिक कपासिया, असना बतूल व

खुशी सिवाच तथा 4 गुणा 200 मीटर" रिले दौड़ प्रतियोगिता में भव्य अरोरा, असब कुरैशी, कार्तिक चौधरी, मोहम्मद आरिश, ऋषिका सिंह, कीर्तिका, कनिक, मोहम्मद जैद, कृष बैंसला, लक्ष्य राजवंशी, प्रयाग कुमार, अल्का पँवार, शगुन बसोया, काव्य सैनी, अवनीत कौर एवं मानवी सैनी तथा सीनियर वर्ग "1500 मीटर" दौड़ में जयंत चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद में तनिष्क कुमार, किंजल सैनी, मयंक तोमर एवं अवनीत कौर तथा ऊंची कूद में नितिन सैनी, उर्वशी खारी, तनिश एवं किंजल सैनी ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सा-कसी के खेल में कृष्णा सदन ने प्रथम, यमुना सदन ने द्वितीय तथा गंगा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने कहा कि खेल कूद का हमारे स्वस्थ जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका हैप्पी चौहान ने निभायी। इस दौरान मुख्यरूप से पूजा चौधरी, अमित कुमार, रंजीता, नेहा व मीनाक्षी अरोरा का विशेष योगदान रहा।

पंडित राघवेन्द्र शास्त्री की कथा और ऊषा भाभी के भजनों से आनंदमय हुआ तुलसी विवाह कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बुस.)। संकीर्तन भवन कार्तिक मास पर्यन्त बैकुंठ धाम बन जाता है, इतनी आनंद वर्षा होती है, भक्ति से भरी, जिसका वर्णन करना असंभव है। इस नैसर्गिक आनंद का संपूर्ण अनुभव वहीं जाकर प्राप्त होता है, जिस पर भी ईश्वर कृपा होती है। 5 बजे से बहनें कार्तिक कथाएं सुनती हैं एवं पूजा करती हैं। 6 बजे से 7 बजे तक पंडित राघवेन्द्र रतूड़ी शास्त्री अति सुन्दर ज्ञान से भरी कथा सुनाते हैं। तत्पश्चात तुलसी पूजा होती है एवं भजनों से सारा वातावरण आनंदमय हो जाता है। भव्य तुलसी विवाह हुआ। सभी सखियां मेंहदी लगाकर आई। ऊषा भाभी के भजनों का आनंद अद्भुत है। संपूर्ण नई मंडी की बहनें और भाई आनंद से सराबोर हो घर जाते हैं।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर फैसला दिया है। बुलडोजर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। सरकार से जुड़े नेताओं और विपक्षी दलों के नेताओं ने इस गाइडलाइन का स्वागत किया है। कुछ नेताओं ने अपनी फितरत के हिसाब से सरकार पर तंज भी कसे हैं, लेकिन उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला शक्ति के दुरूपयोग पर अंकुश लगाता है, लेकिन किसी को अतिक्रमण की छूट नहीं देता। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या अब बुलडोजर थम जाएगा? सवाल यह भी है कि क्या यूपी में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए बुलडोजर ही सहारा था? इस फैसले के बाद चर्चा यह भी चल रही है कि अपराधी और अपराध आरोपी योगी सरकार की सख्ती से सहमे हुए हैं न कि बुलडोजर एक्शन से उन्हें खौफ है। ऐसा भी नहीं है कि किसी अपराधी ने बुलडोजर के डर से अपराध करना छोड़ दिया हो। बुलडोजर अचानक तब चर्चाओं में आया, जब अपराध आरोपियों के अतिक्रमण भी कानूनी दायरे में बुलडोजर से गिराए जाने लगे। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना बिल्कुल सही है कि किसी अपराध -आरोपी के घर को उसके आरोप के कारण नहीं गिराया जा सकता। अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कड़ा आदेश जारी किया हुआ है। अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर उसे हटाए जाने की प्रक्रिया निर्धारित है। बिल्डिंग का निर्माण करने के लिए शहरी स्तर पर विकास प्राधिकारी या निकाय से नक्शा पास कराना होता है। बिना नक्शा पास कराए मकान के निर्माण को अवैध माना जाता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट और निकाय नियमावली प्राधिकार को अवैध निर्माण तोड़ने की मंजूरी देते हैं। सड़क चौड़ीकरण को लेकर भी पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत नक्शे के अनुसार सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाया जाएगा। नक्शों के आधार पर मौजूदा सड़क पर किसी अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण-सीमांकन करना होगा। अगर अतिक्रमण पाया जाता है, तो अतिक्रमणकर्ता को नोटिस जारी करना होगा। अतिक्रमणकर्ता की ओर से नोटिस पर आपत्ति उठाने की स्थिति में प्राकृतिक न्याय के तहत सुनवाई करनी होगी। सुनवाई में गलत पाए जाने पर नोटिस जारी कर ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। योगी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। सरकार का लक्ष्य कभी किसी के घर को गिराने का नहीं रहा है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को लेकर कहा जा रहा है कि अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर होने वाले बुलडोजर एक्शन पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। ऐसे में बाबा के बुलडोजर पर ब्रेक नहीं लग पाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकारी अधिकारी कानून हाथ में लेकर इस प्रकार का एक्शन लेते हैं, तो उन्हें जवाबदेह बनाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने शक्ति के विभाजन पर विचार किया है। यह समझा है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करती हैं? न्यायिक कार्यों को न्यायपालिका को सौंपा गया है। न्यायपालिका की जगह पर कार्यपालिका को यह काम नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर केवल इस वजह से तोड़ती है कि वह आरोपी है, तो यह शक्ति के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है। किसी व्यक्ति को कानूनी प्रक्रिया का पालन किए जाने के बाद कोर्ट के पास सजा देने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को समझना होगा, सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि किसी भी संपत्ति का विध्वंस तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मालिक को 15 दिन पहले नोटिस न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह नोटिस मालिक को पंजीकृत डाक के जरिए से भेजा जाएगा। इसे निर्माण की बाहरी दीवार पर भी चिपकाया जाएगा। नोटिस में अवैध निर्माण की प्रकृति, उल्लंघन का विवरण और विध्वंस के कारणों को बताया जाएगा। बुलडोजर एक्शन की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। अगर इन दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होता है, तो यह कोर्ट की अवमानना मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आम नागरिक के लिए अपने घर का निर्माण कई वर्षों की मेहनत, सपने और आकांक्षाओं का परिणाम होता है। घर सुरक्षा और भविष्य की एक सामूहिक आशा का प्रतीक है। अगर इसे छीन लिया जाता है, तो अधिकारियों को यह साबित करना होगा कि यह कदम उठाने का उनके पास एकमात्र विकल्प था। 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमन्त्री बनने के बाद अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए बुलडोजर को एक मॉडल बना दिया गया। हालांकि, योगी सरकार की ओर से जितने भी बुलडोजर एक्शन हुए, उसको लेकर पहले ही से कार्रवाई चलने की बात सामने आई। सुप्रीम कोर्ट में भी बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई के दौरान योगी सरकार ने अपनी स्थिति को स्पष्ट किया। शहरी इलाकों में विकास प्राधिकार और ग्रामीण इलाकों में पीडब्लूडी जैसे विभागों की कार्रवाई पहले से चलने की बात कही गई। योगी आदित्यनाथ सरकार बनने के बाद 2017 में अधिकारियों की ओर से बुलडोजर एक्शन को लेकर कानून की बात सामने आई। इसके बाद योगी सरकार ने निकाय, डेवलपमेंट अथॉरिटी, सिंचाई विभाग, जलापूर्ति विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन को एक सूत्र में बांधा। इसके बाद अवैध निमार्णों की जांच शुरू हुई। नोटिस जारी किए जाने लगे। अगर किसी पर भी कोई अपराध का मामला सामने आता है, उसे तत्काल नोटिस जारी कर अवैध निर्माण तोड़ने का आदेश दिया जाने लगा। अवैध निर्माण के मामलों को खाली कराने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट की ओर से नगर निकाय और जिला प्रशासन को दिया गया है। सरकारी जमीन से लेकर अन्य अतिक्रमण और बिना नक्शा पास कराए भवनों को एक निर्धारित अवधि के बाद तोड़ने के अधिकार का उपयोग कर बुलडोजर एक्शन हुआ। यही वजह थी कि यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सरकार का पक्ष रखा था, तो बेंच ने इसकी तारीफ की थी। अवैध निर्माण को तोड़ने के नियम का उपयोग कर आगे भी एक्शन होता रहेगा।

चार तीर

सुनील उत्सव

"जाहिल" "जहालत" "सन्यासी" "नजर"

किसी जाहिल से पूछोगे जहालत ही बताएगा,
जहालत का असर प्यारे खबर पर भी तो पड़ता है।
न सन्यासी नजर आते न अच्छे लोग दिखते हैं,
जहालत का असर प्यारे नजर पर भी तो पड़ता है।

धर्म नगरी शुक्रतीर्थ गंगा मेला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भोपा, 13 नवम्बर (बु.)। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में आयोजित प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। दूर-दराज क्षेत्रों से अनेक श्रद्धालु मेले में पहुंच गए हैं और ठहरने के लिए तंबुओं के अस्थायी डेरे बना लिए है।

श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांग रहे हैं, वहीं मेले के बाजारों में सामान खरीदने वाले श्रद्धालुओं की भी भीड़ लगी हुई है। जिला पंचायत द्वारा आयोजित मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ गया है। श्रद्धालु भैंसा-बुग्गी व ट्रैक्टर-ट्राली से नगरी में पहुंच गए और गंगा के किनारे रेत में ठहरने के लिए तंबुओं के अस्थायी डेरे बनाकर रह रहे हैं, जिससे शुकदेव नगरी तंबुओं के नगर में तबदील हो गई है। मेले में आए श्रद्धालु अपने अपने डेरों में अनेक प्रकार के व्यंजन बना रहे हैं। नगरी के रास्तों में श्रद्धालुओं की भीड़ चल रही है। श्रद्धालु गंगा घाट पर स्नान करने के बाद शुकदेव आश्रम, हनुमद्धाम, गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, मां पीतांबरा धाम विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर भक्ति भाव से प्रसाद चढ़ा रहे हैं। प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांध मनौती मांगने वाले श्रद्धालुओं का भी तांता लगा हुआ है। वहीं, शुकदेव पीठ में प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधने वाले श्रद्धालुओं की भी दिन भर भीड़ लगी रही। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। प्राचीन दंड़ी आश्रम, श्री महेश्वर आश्रम, मानव निर्माण योग आश्रम, महाशक्ति सिद्ध पीठ, रविदास आश्रम, सत साहेब आश्रम, खिचड़ी वाले बाबा का आश्रम, अखंड धाम, मां पूर्णागिरी आश्रम आदि में सत्संग प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले में गंगा घाट पर अनेक श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुण्डन संस्कार कराया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ डॉ. रविशंकर मिश्र के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नोवेंद्र सिंह सिरोही व मेला कोतवाल जनक सिंह चौहान ने पुलिस फोर्स के साथ श्रद्धालुओं के वाहनों व तंबुओं की तलाशी ली, जिनमें कई भैंसा-बुग्गी व डेरों से शराब भी बरामद हुई।

ब्रह्मचारी छात्रों ने आग के गोले से कूदने के हैरतंगेज करतब कर किया रोमांचकारी प्रदर्शन

भोपा, 13 नवम्बर (बु.)। गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय शुकतीर्थ में चल रहे 60वें वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को ब्रह्मचारी छात्रों ने आग के गोले से कूद हैरतंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देख दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोग दंग रह गए। समारोह में मथुरा से आए स्वामी विश्वानंद महाराज ने बताया कि संस्कृत भाषा हमारे ऋषि मुनियों की देन है और गुरुकुल संस्कृत भाषा को बचाने में लगे हुए है। गुरुकुल में वास्तव में आज भी गुरू शिष्य की परम्परा दिखाई देती है। चंडीगढ़ से आए स्वामी श्रद्धानंद महाराज, स्वामी आंनदवेश महाराज, स्वामी यशवीर महाराज, आचार्य योगेंद्र, आचार्य निरंजन देव, आचार्य मृगेंद्र ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य राणा शास्त्री व खेल प्रशिक्षक विकास शास्त्री के निर्देशन में लकी राठी, कार्तिक पाल, आयुष चौहान, देव वंश ने आग के गोले से कूद हैरतंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देख दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोग दंग रह गए। ब्रह्मचारी दीपक, तनिष, कार्तिक आदि ने लकड़ी के मलखंब पर मयूर आसन, बकासन, ब्रजासन व पद्मासन के साथ साथ दरबार व फूल स्तूप बनाकर भी दिखाए। ब्रह्मचारी दीपक ने हाथ से कांच पीसकर भी दिखाया और ब्रह्मचारी राजकुमार ने मोंगरी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नरेंद्र, कृष्णपाल, धर्मवीर, सोनी जैन, सोमवीर सिंह, रेणुका आदि मौजूद रहे।

युवाओं ने किया रस्सी व लकड़ी के मलखंभ पर आसनों का आनंदमयी रोचक प्रदर्शन

भोपा, 13 नवम्बर (बु.)। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित महर्षि दयानंद धाम में सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 11 दिवसीय चतुर्वेद महापारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा, जिसमें बुधवार को युवाओं ने रस्सी व लकड़ी के मलखंब पर आसनों का प्रदर्शन किया। जिन्हें देखकर नगरी के साधु-संत दंग रह गए। आर्य युवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी रामानंद वेश महाराज के निर्देशन में गांव फिरोजपुर के छात्र हर्ष ने लकड़ी के मलखंब पर ताड़ आसन, नटराजन, वक्रासन, हस्त पादंग आसन किए। जिन्हें देखकर नगरी के साधु-संत दंग रह गए। इसके अलावा सूर्यांश, चेतन, अमन, रवि ने रस्सी के मलखंब पर पूर्ण बजरंग आसन, पूर्ण चक्रासन, सम्प्रसारण एव शव आसन, चक्रासन, ताड़ आसन, गरुड़ आसनों का प्रदर्शन दिया। मुख्य अतिथि स्वामी सूर्यवेश जी महाराज ने कहा कि ने कहा कि युवाओं को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद जरूरी है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना है। सहारनपुर से आए सोमानंद महाराज ने कहा कि लड़कियां भी प्रत्येक क्षेत्र में लड़कों की बराबरी कर रही है। राजस्थान से आए दयानंद महाराज ने कहा कि युवाओं को खेलकूद कार्यक्रम से जोड़ने के लिए गांव गांव में खेलकूद प्रतियोगिता होनी चाहिए। कार्यक्रम, आचार्य अमित, श्रीपाल, प्रिया, नरेंद्र मुनि, जयपाल आदि मौजूद रहे।

बाल दिवस-पापी पेट का सवाल कूड़े के ढ़ेर में जीविका ढूंढ रहा बचपन

-कूड़े व गंदगी के ढेर में बिखर रहा बाल जीवन-पेट की खातिर गंदगी के ढेर में गल रहा देश का भविष्य, दिन निकलते ही कूड़े को कुरेद कर रोटी का जुगाड़ तलाशने निकल जाते हैं बच्चे

-राहुल शर्मा-

मीरापुर, 13 नवम्बर (बु.)। पापी पेट का सवाल है ये कहावत सभी लोगों ने सुनी होगी, किन्तु इस कहावत को मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर चरितार्थ होते साफ साफ देखा जा सकता है। पूरे विश्व में जहाँ आज बाल दिवस मनाया जा रहा है, वहीं पापी पेट के लिए कूड़े के ढ़ेर में जीविका तलाशनें वालें बच्चों को नहीं पता कि बाल दिवस क्या है' वैसे तो सरकार बाल विकास के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाए जाने का दावा करती है, किंतु वह धरातल पर कितना कार्य कर रही है, ये दिन निकलते ही कूड़े व गंदगी के ढेर में रोजगार ढूंढने वाले बच्चों को देखकर पता चलता है, जहाँ गंदगी के ढेर में बचपन बिखरता हुआ स्पष्ट देखा जा सकता है। दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग से प्रतिदिन अधिकारी-जनप्रतिनिधि गुजरते है, किंतु इन कूड़ा बीनने वाले गरीब बच्चों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। ये जो कहावत है कि "पापी पेट का सवाल है" ये पापी पेट इंसान से कुछ भी करा सकता है ये कहावत

मीरापुर कस्बे की सड़कों पर कूड़े व गंदगी के ढेर में जीविका तलाशने वाले दर्जनों बच्चों पर चरितार्थ होती है। जहाँ सुबह दिन निकलते ही दर्जनों बच्चें प्रतिदिन दो जून की रोटी के लिए दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर गंदगी व कूड़े के ढेर को बीनते नजर आते है। 8 वर्ष से लेकर लगभग 12 वर्ष तक कि उम्र के ये बच्चे सुबह होते ही अपने हाथों में बोरा लेकर कूड़े के ढेर से प्लास्टिक की बोतलें व कबाड़ी को बेचा जाने वाला अन्य सामान इस उम्मीद में तलाशते हैं कि ये सामान बेचकर उन्हें दो पैसे मिलेंगे और उनके पेट भरने का इंतजाम हो सकेगा। उक्त बच्चों को देखकर कभी नहीं लगता कि हमारे देश में बच्चों के लिए कोई कल्याणकारी योजना भी चल रही है। हैरत की बात ये भी है कि बाल विकास के लिए मुहिम चलाने वाले व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में गांव-गांव जाकर जानकारी देने वाले जनप्रतिनिधियों की नजर कभी इन नौनिहालों पर नहीं पड़ी। वहीं जिले से लेकर प्रदेश तक के आला अधिकारी भी आये दिन यहाँ से गुजरते है, किंतु कभी भी किसी अधिकारी की नजरें इनायत इन बच्चों पर नहीं हुई। इन कूड़े के ढेर से उठती बदबू से लगातार बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जो इन नौनिहालों के जीवन पर हर समय खतरे की तरह मंडराती रहती है। परिस्थिति चाहे जो भी हो किन्तु सच्चाई यही है कि इन कूड़े और गंदगी के ढेर में बचपन बिखर रहा है।

नाबालिग व मौसी से दिल्ली में छह युवकों ने किया गैंगरेप

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसी)। दिल्ली के लाजपत नगर के कस्तूरबा निकेतन स्थित एक घर में छह आरोपियों द्वारा एक नाबालिग व उसकी मौसी को शराब या नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस खौफनाक वारदात के बारे में जिसने भी जाना वो सन्न है। दिल्ली में बीते दिनों ही ओडिशा की एक लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात हो चुकी है और अब इस केस ने साबित कर दिया है कि दिल्ली की सड़कों पर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

ताजा मामले में एक नाबालिग (17) और उसकी मौसी (22) 10 नवंबर की रात को क्लबिंग के लिए रात करीब 12 बजे लाजपत नगर स्थित अंडरपास क्लब के पास गई थीं। दोनों क्लब के बाहर ही खड़ी थीं। इस बीच वहां एक कार आती है जिसमें छह लोग होते हैं। किशोरी और उसकी मौसी को अभी और क्लबिंग करनी थी। कार सवार युवकों ने दोनों को मालवीय नगर या फिर गुरुग्राम के क्लब के बारे में बताया और बातों बातों में वादा किया कि वह उन्हें वहां लेकर चलेंगे। दोनों इनकी बातों में आकर कार में बैठ गईं। आरोपियों ने कार में बैठने के बाद दोनों लड़कियों से मोबाइल फोन नंबर अदला बदली किए। इसके बाद रास्ते से कोल्डड्रिंक खरीदी गई। इसमें शराब मिलाई जाती है और लड़कियों को पिलाई गई। तेज संगीत में मौज मस्ती की गई। यह सब देर रात को गुरुग्राम की सड़कों पर हो रहा था। काफी देर तक कार गुरुग्राम के कई इलाकों में घूमती रही।

आरोपियों ने देखा दोनों लड़कियां नशे में चूर हैं। उन्हें अब ज्यादा होश नहीं है। यह हालत देख सभी का हवस जागा और प्लानिंग हुई। दरिंदे वापस दिल्ली लौटते हैं और कस्तूरबा निकेतन स्थित एक घर में दोनों को लेकर जाते हैं। यहां बारी बारी दोनों के साथ दरिंदगी की जाती है। जब सभी का मन भर जाता है और लगता है कि अपने अपने घर चलना चाहिए तो इनमें से एक आरोपी शुभम दोनों पीड़िताओं को उनके आश्रम स्थित घर के पास छोड़कर फरार हो जाता है। अगले दिन सुबह यानी सोमवार सुबह करीब चार बजे लड़की हालत बिगड़ने लगी। उसके पेट में दर्द हुआ था। परिजनों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद पता लगा कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। सूचना मिलने के बाद लाजपत नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। यहां पर लड़की की मौसी मौजूद थी। पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज किए।



उमा लहरी के श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु, जन्मोत्सव पर श्रद्धापूर्ण किया नमन

श्री खाटू श्याम जन्म उत्सव पर भजन संध्या में बही बाबा श्याम रस की भक्तिमयी गंगोत्री

मुजफ्फरनगर, 13 नवंबर (बु.)। श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव पर जयपुर से आई श्याम भक्त उमा लहरी ने श्याम प्रेमियों के बीच भक्ति का ऐसा तराना छेड़ा कि मध्य रात्रि तक पूरा पांडाल खाटू नरेश की श्रद्धा में ओतप्रोत नजर आया। श्रीगणपति खाटू श्याम मंदिर में भक्ति रस की यह शाम बेजोड और यादगार बन गई। उमा लहरी के साथ स्थानीय कलाकारों ने भी लखदातार की भक्ति में अपने प्रस्तुतियां देकर पूरे माहौल को श्रद्धा और भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गए।

भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में बाबा के जन्मोत्सव पर कई दिनों से चल रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में एकादशी पर भक्ति संगीत का मनोहारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वैसे तो तमाम कलाकारों की प्रस्तुतियां कर्ण प्रिय थीं, लेकिन जयपुर से आई प्रसिद्ध भजन गायिका उमा लहरी ने श्याम भक्ति की वो तान छेड़ी कि पूरा पांडाल भक्ति रस में डूबता उतराता रहा। उन्होंने अपने लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे पांडाल को गुंजा दिया। उनकी प्रस्तुतियों में फंसी भंवर में जो मेरी नैया, संभाली तूने तो चल रही है, बांह पकड़ ले सांवरा कहीं छूट ना जाए, इक नजर कृपा की कर दो सांवरे गिरधारी, तुम सजधज कर बैठे हो किसी की नजर ना लग जाए, जब दिल से बुलाते हो तब श्याम ही आता है और मीरा बावरी हुई घनश्याम की जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को मध्य रात्रि तक बांधे रखा। कार्यक्रम के अंत में बाबा श्याम के जन्मोत्सव की बधाई पर तो पूरा पांडाल जैसे मदहोश होकर भक्ति भाव में झूमता नाचता नजर आया। उमा लहरी के साथ स्थानीय कलाकारों ने भी सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इमें अर्पित गोयल, मयंक, आशुतोष तोमर, रोबिन संगल, प्रदीप बैरागी, दीपक गर्ग, मीनू शर्मा, मुस्कान पाल, शिवानी गोयल, काजल प्रजापति और शिवम ने शानदार भक्ति गीतों की माला पिरोकर श्याम प्रभु को जन्मोत्सव पर अर्पित की।

श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंदिर संस्थापक भीम कंसल, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र अग्रवाल, संजय मित्तल, हरिशंकर मूंधड़ा, राजकमल जैन आदि ने श्याम प्रभु का पूजन कर जिले में सुख शांति और भक्तों के कल्याण की कामना की। हजारों की संख्या में भक्त जहां इस आयोजन में उपस्थित रहे, वहीं मंदिर में श्याम प्रभु की विशेष सज्जा को निहारने के लिए सुबह से शुरू लगा तांता देर रात तक जारी रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, रजत गोयल, रजत राठी, चचा जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोमप्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिंघल, बिजेन्द्र कुमार रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शशांक राणा, शुभम तायल, नवनीत गुप्ता, यश गर्ग और तुषार गर्ग समेत तमाम सेवादारों का आयोजन में विशिष्ट योगदान रहा।

एसडीएम निकिता शर्मा ने प्रस्तुत की भावांजलि

मुजफ्फरनगर, 13 नवंबर (बु.)। श्याम भक्ति के भाव में जहां तमाम श्रद्धालु मगन थे, वहीं एसडीएम सदर ने भी इस मौके पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति से अपनी श्रद्धा तथा गायन कला का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सुंदर ये चमक ये दमक फुलवनवा महक, सबकुछ सरकार तुमही से है गाकर खाटू श्याम प्रभु को अपनी भावांजलि प्रस्तुत की। आयोजन में उनकी सुंदर प्रस्तुति को सभी ने सराहा।

मशीन लिखेगी परीक्षा में जवाब, दिव्यांग छात्रों की मदद करेगा राइट बॉडी डिवाइस

ग्रेटर नोएडा, 13 नवंबर (एजेंसी)। दिव्यांगों के साथ हादसे में हाथ खो चुके लोगों को अब परीक्षा कक्ष में सॉल्वर ले जाने की जरूरत नहीं होगी। मेरठ के एमआईईटी कॉलेज के बीटेक के छात्र हर्ष चौहान ने इसका समाधान निकाला है। उन्होंने राइट बॉडी डिवाइस बनाई है।

राइट बॉडी एक पोटेबल पेन है। जो आवाज को सुनकर लिखता है। इसके माध्यम से दिव्यांग के साथ अन्य लोगों को परीक्षा में सवालों के जवाब लिखने में मदद करेगी। हर्ष ने बताया, उन्होंने एक समस्या को खोजा कि दिव्यांगों को परीक्षा में सवालों के जवाब लिखने के लिए सॉल्वर की जरूरत पढ़ती है। परीक्षा से पहले किसी दुर्घटना में हाथ में फैक्चर हो जाने पर वह परीक्षा देने के लिए सॉल्वर की खोज में जुट जाते हैं। उन्हें अपने से नीचे की कक्षा के छात्र का चयन करना होता है, लेकिन डिवाइस के आने के बाद अब किसी को भी सॉल्वर की जरूरत नहीं होगी। राइट बॉडी डिवाइस ही उनके सवालों के जवाब लिखेंगी। उन्होंने बताया, राइट बॉडी डिवाइस छात्र की भाषा के अनुसार सवालों के जवाब लिखेगी। डिवाइस में भाषा का चयन करना होगा। भाषा के चयन करने के बाद छात्र की ओर से बोले गए सवालों के जवाब को सुनकर वह उसे उत्तरपुस्तिका में लिखेगी। इसके साथ ही शीट भर जाने के बाद वह उसे अगले पेज पर लिखने लगेगी। यदि किसी भी जवाब में कोई गलती हो जाएगी। तो वह उस पेज पर फिर से आकर सही भी कर सकेगा। उन्होंने बताया, इस डिवाइस को जल्द पेटेंट मिलने वाला है।

टोल के 110 रुपये बचाने के चक्कर में बारातियों से भरी बस रजबाहे में पलटी

मेरठ, 13 नवंबर (एजेंसी)। कोहरे के कारण दौराला थानाक्षेत्र में बस हादसे का शिकार हो गई। यहां गंगा त्रयोदशी के दिन दिल्ली-दून हाईवे को जोड़ने वाले गंगानगर रजबहा मार्ग पर बुधवार सुबह बरातियों से भरी एक बस रजवाहे में पलट गई। चालक बागपत के दत्तनगर से बरात लेकर वापस लौट रहा था। हादसे के दौरान सवारियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने बस के आगे और पीछे के शीशे उखाड़कर सवारियों को बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने टोल एंबुलेंस और पुलिस वाहन से घायलों को मोदीपुरम के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामूली रूप से घायल बरातियों को दूसरी बस में बैठाकर भिजवाया। रुड़की के दौलतपुर गांव निवासी अरूणगिरी अपने बेटे लोकेश गिरी की बरात लेकर मंगलवार सायं बागपत के दत्तनगर गया था। बारात की रस्म अदायगी के बाद बुधवार सुबह बारात लेकर एक बस वापस लौट रही थी। इस दौरान बस चालक ने सिवाया टोल प्लाजा पर लगने वाले शुल्क 395 रुपये बचाने के लालच में बस को सिवाया गांव से गंगानगर रजवाहा पटरी से निकाल दिया। हाईवे के नजदीक पहुंचने पर कोहरे के चलते चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस रजवाहे में पलट गई। हादसे के चलते बस में सवार 38 बरातियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने बस के आगे और पीछे के शीशे तोड़कर बस में सवार बरातियों को बाहर निकालते हुए पुलिस को सूचना दी। ये हुए घायल मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल बारातियों दौलतपुर निवासी सोमवती, सोनूगिरी, विभोर, नितिन गिरी, सोनिका, हरिद्वार

के खानपुर निवासी आकाश गिरी, अनिता गिरी, हरिद्वार के तुगलकपुर निवासी अर्जुन, अजयगिरी, देवीगिरी, अनमोल गिरी, मनोज गिरी, राधिका, वंश, जितेंद्र आदि को मोदीपुरम के फ्यूचर प्लस अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में मामूली रूप से घायल दर्जनों बरातियों को रुड़की से पहुंची दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया। चालक के 110 रुपये का टोल शुल्क बचाने के चलते हादसा हुआ। गमीनत रही की रजबहा सफाई के चलते सूखा हुआ था। रजवाहे में गंगा का पानी चालू होता तो बड़ा हादसा हो जाता और बस में सवार लगभग 38 बारातियो में से कई लोगों की जान चली जाती।

रात्रि में गुण्डागर्दी, दबंगई के बल पर दुकान को गिराने के विरोध में भाकियू का अनिश्चित कालीन धरना

पुरकाजी, 13 नवम्बर (बु.)। कस्बे में जीटी रोड थाने के गेट पर स्थित अग्रवाल मेडिकल स्टोर को रात्रि में दबंगई के बल पर गिराने की घटना पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है, जिसकी अध्यक्षता प्रताप प्रधान तुगलकपुर व संचालन आदिल फरीदी ने किया। विदित हो कि जीटी रोड पुरकाजी पर थाने के गेट के बराबर में रजनी अग्रवाल का मेडिकल स्टोर है, जिसकी किरायेदारी लगभग 40 वर्षो से है। पहले रजनी अग्रवाल के स्व. पति दामोदर अग्रवाल मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे, अब वर्तमान में रजनी अग्रवाल व उनका पुत्र भाकियू नेता वंश अग्रवाल संचालन कर रहे है। दुकान का विवाद माननीय न्यायालय में भी विचाराधीन बताया गया है। बीती रात्रि लगभग 01.00 बजे कुछ लोगों द्वारा जेसीबी से दुकान का लिण्टर नीचे गिरा दिया गया तथा शटर तोड़ दिया गया। पीड़ित को सूचना मिली, जिसने थाने पर सूचना दी तथा स्वयं मौके पर पहुंचे। आरोप लगाया कि घटना के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक दबंग जेसीबी लेकर मौके से भाग गये। थाना पुलिस की मदद से उक्त घटना को

अंजाम दिया गया है। पीड़ित व भाकियू कार्यकर्ताओं ने रात्रि में दुकान के बाहर धरना शुरू कर दिया। प्रातः होते ही सैंकडों भाकियू कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गये और पुलिस पर जमकर भड़ास निकाली। भाकियू नेता जहीर फारूकी ने कहा कि भाजपा के शासन में जिस प्रकार भूमाफियों ने घटना को अंजाम दिया गया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सहायक अभियन्ता तृतीय प्रान्तीय खण्ड लोनिवि मु.नगर द्वारा भूमाफियाओं से सांठगांठ करके तुगलकी फरमान जारी कर दिया, जबकि जिस व्यक्ति के नाम दुकान तोड़ने का अधिकार दिया गया है, वह माननीय न्यायालय में लिखकर दे चुका है कि दुकान उसकी नहीं है। धरना स्थल पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा पहुंची तथा भाकियू नेता जहीर फारूकी एडवोकेट, नवीन राठी, योगेश शर्मा आदि के साथ वार्ता हुई, किन्तु कोई निष्कर्ष न निकलने के कारण वार्ता विफल हो गयी। धरने पर जिलाध्यक्ष भाकियू नवीन राठी, मण्डल महासचिव योगेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान, संजय त्यागी, मांगेराम त्यागी, आदिल फरीदी, प्रधान प्रताप सिंह आदि पदाधिकारियों ने सम्बोधित कर कहा कि जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलेगा, धरना समाप्त नही होगा। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त दोनों जेसीबी बरामद कर ली है तथा तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि घटना में सम्मिलित किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। धरने पर प्रधान विवेक राठी, अरविन्द राठी भूराहेड़ी, हाफिज मोहसिन, महराज खान, इस्तखार लाल्ला, पूर्व सभासद खुर्रम आदि सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी कॉलोनी में नगर कीर्तन यात्रा का हुआ घर-घर स्वागत

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। श्री गुरू सिंह सभा गांधी कॉलोनी की ओर से बुधवार को नगर में निकाले नगर कीर्तन में हर किसी को भक्ति की वैतरणी में कुछ ऐसे डुबकी लगाते दिखे, कि हर कोई भाव-विभोर सा हो गया। इस बीच गांधी कॉलोनी में नगर कीर्तन के स्वागत में स्थानीय सभी परिवारों ने घरों के मुख्य द्वार पर स्वागत करते हुए पालकी के साथ नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए प्रसाद वितरित किया। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि पर गुरू नानक जी महाराज जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में देशभर के साथ नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। सिख धर्म के लोगों के लिए यह दिन त्यौहार से कम नहीं होता। इस दिन सिखों द्वारा बड़े पैमाने पर उल्लास के साथ कार्यक्रम के बीच नगर कीर्तन आयोजित किए जाते हैं। इसका एक कारण यह है कि इस दिन सिख धर्म के पहले गुरू नानक जी का जन्म साल 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन

ही हुआ था, इसीलिए इस दिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को गांधी कालोनी के लोगों के भाव देख कर पूरा सिख समाज गदगद हो गया। क्षेत्र के लोगों ने ऐसे में घरों के द्वार खोलकर नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए इस बीच पालकी में गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका और पांच प्यारों का आशीर्वाद भी लिया।

यूपी में बिना अवकाश स्वीकृति गायब रहने वाले चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसी)। अस्पतालों को छोड़कर बिना अवकाश स्वीकृत कराए गायब रहने वाले डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। इतना ही नहीं गैर हाजिर रहने वाले डॉक्टरों की सूची नहीं भेजने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और अधीक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर के गायब रहने के मामले पर नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश दिया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से शिकायत मिली है कि कई चिकित्साधिकारियों द्वारा अपने सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराये बिना ही ड्यूटी से गायब रहते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं गायब रहने वाले चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारी / प्रमुख अधीक्षक/अधीक्षिका / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका द्वारा कार्यवाही की संस्तुति भी नहीं की जाती है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से अस्पतालों की सेवाएं चरमराती जा रही हैं। कई अस्पताल आए दिन बंद रहते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने चिकित्सा अधिकारियों और अवकाश स्वीकृत करने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा अधीक्षकों को भी सख्त चेतावनी दी है। निर्देश दिया है कि अनधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे चिकित्साधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। अनुशासनिक/विभागीय कार्यवाही की स्पष्ट संस्तुति तथा साक्ष्यों सहित आरोप पत्र गठित कर 15 दिन के अंदर स्वास्थ्य महानिदेशक को भेजा जाए। इस दौरान यह प्रमाण-पत्र भी देने होंगे कि संबंधित चिकित्सक के अतिरिक्त उनके अधीन अन्य कोई चिकित्सक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित नहीं हैं। इस आख्या रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद महानिदेशालय से शासन को भेजा जाएगा। ताकि संबंधित चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ शासन से भी जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। प्रदेश में अलग-अलग चरणों में ग्रेडवार चिकित्सकों की नियुक्ति कर उन्हें अस्पतालों में तैनाती दी जाती है। इस बीच कई चिकित्सक बिना बताए ही गायब हो जाते हैं। लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों को विभागीय कार्यवाही के तहत नोटिस दी जाती है और जवाब नहीं मिलने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाती है। ताकि संबंधित पद को रिक्त घोषित कर नई नियुक्ति की जाए। हर 2 से 3 माह में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों की अपेक्षा करीब 10 फीसदी डॉक्टर के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई होती है। इस बीच मुख्य चिकित्सा अधकारियों और अधीक्षकों ने लंबे समय से बिना बताए अनुपस्थित रहने वालों की सूची भेजना बंद कर दिया। ऐसे में कागज में तो पद भरे हैं लेकिन अस्पताल खाली हैं। अब एक साथ सूची तैयार होने के बाद खाली पदों पर नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

पालघर में सीएम के हेलीकॉप्टर की जांच हुई

मुंबई, 13 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर में हेलीपैड पर सीएम एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की जांच हुई। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वॉड की इस कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को टिप्पणी करते भी सुना गया। समाचार एजेंसी एएनआई और शिवसेना की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि शिंदे निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से जांच के दौरान बातचीत कर रहे हैं।

पंजाबी समाज ने नगर कीर्तन यात्रा का किया भव्य स्वागत

- आनन्द भवन गेट रुड़की रोड पर की पुष्प वर्षा, गूंजे जयकारे

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के गगनचुंबी जयघोष के बीच बुधवार को नगर में निकली नगर कीर्तन यात्रा का कदम-कदम पर स्वागत किया गया। स्वागत की इसी कड़ी में नगर के रुड़की रोड आनन्द भवन गेट के बाहर पंजाबी समाज द्वारा भी नगर कीर्तन यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

बुधवार को गांधी कॉलोनी के गुरूद्वारा से प्रारंभ हुई नगर कीर्तन यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रुड़की रोड पहुंची, इस बीच आनन्द भवन के बाहर पंजाबी समाज के लोगों ने नगर कीर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। इस दौरान पंजाबी समाज के पदाधिकारियों ने पांच प्यारों के स्वागत के बाद नगर कीर्तन में शामिल नुमाईश कैंप, गांधी कॉलोनी व घास मंडी की प्रभात फेरियों का स्वागत कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान मुख्य रूप से भारतीय प्रेस परिषद सदस्य, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक एवं पंजाबी समाज समिति मुजफ्फरनगर के नवनियुक्त अध्यक्ष अंकुर दुआ, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, विनोद डाबर, कुलभूषण बजाज, पवन छाबड़ा, सागर वत्स समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सन्नी पांचाल हत्याकांड में पुलिस ने कुट्टी संचालक के भाई व चाय विक्रेता का किया चालान

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। लगभग चार दिन पूर्व थाना सिविल लाइन क्षेत्र में देर रात को सन्नी पांचाल नामक युवक की ईंट तोड़ने की बिसौली से हत्या का मामला सामने आया था। हत्या के बाद पुलिस द्वारा हत्यारोपी नीरज को गिरफ्तार भी कर लिया था। हत्या के दूसरे दिन हत्यारोपी की हत्या करने के बाद की एक ऑडियो वायरल हुई थी। उक्त ऑडियो में हत्या करने के बाद नीरज पूरी शेखी में बता रहा था कि मैंने सन्नी पांचाल को निमटा दिया है और जिससे जो होता हो वो कर लो। ऑडियो में परिवार को भी धमकी दी गयी थी। कल मंगलवार को परिजन आलाधिकारियों के पास यह शक जताने के लिए पहुंचे थे कि उक्त हत्या में कुटटी संचालक का भाई रोहित व एक अन्य साथी राम कुमार पुंडीर निवासी उत्तरी रामपुरी भी हत्या में शामिल थे। परिजनों के आरोपों के बाद बुधवार को पुलिस ने उक्त मामले की जांच की और राम कुमार व रोहित की गिरफ्तारी कर उनसे पूछताछ करने के बाद शान्तिभंग में उनका चालान काट दिया। पुलिस का बताना है कि उक्त दोनों का हत्या में शामिल होना नहीं पाया गया है, लेकिन उक्त दोनों की लापरवाही के कारण इनका शान्तिभंग में चालान किया गया है।

पीएम मोदी और योगी पर जमकर बरसे खरगे, कहा- स्वतंत्रता आंदोलन में भाजपा, कांग्रेस की कोई भूमिका नहीं

मुंबई, 13 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के लिए होने वाली वोटिंग में अब कुछ ही दिन बाकी है। राजनीतिक दल पूरे दमखम से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति के नेता एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया। मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' की आलोचना की। खरगे ने भाजपा नीत महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, उसका उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा, जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है।

खरगे ने ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्न और ह्यएक हैं तो सेफ हैंह्न जैसे नारों पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस नेताओं ने देश और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इसके विपरीत, भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन और देश की एकता में कोई योगदान नहीं था। खरगे ने कहा कि महायुति चोरों की सरकार है। विधानसभा चुनाव देशद्रोहियों को सबक सिखाने का मौका है। खरगे ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या से लेकर धन के एकीकरण जैसे मुद्दों को उठाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में प्रतिदिन सात किसान आत्महत्या करते हैं। भारत की 62 प्रतिशत संपत्ति पांच प्रतिशत आबादी की जमीनों में केंद्रित है। 50 प्रतिशत गरीबों के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है।

जाट कॉलोनी में प्रशासन व माननीयों के विरुद्ध दिखा गुस्सा

- कॉलोनी में संचालित हो रहे अस्पतालों को लेकर नाराजगी

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के जाट कॉलोनी स्थित एनसीसी वाली गली में बीते 4-5 साल से संचालित हॉस्पिटल को लेकर कॉलोनी के लोगों में लंबे समय से आक्रोश बढ़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने बैठक करते हुए चेतावनी दी कि अगर हॉस्पिटल आवासीय कॉलोनी में गतिविधि इसी प्रकार चलाता रहा तो लोग जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। पालिका का वार्ड 41 पुरानी व पहली इस आवासीय कॉलोनी में 20 फुट सड़क होने के बाद भी एमडीए की मिलीभगत और सीएमओ द्वारा परमिशन से सर्जरी के हॉस्पिटल का संचालन कराया जा रहा है। चिकित्सीय सुविधाओं की आड़ में प्रशासनिक अमले के इस खेल को लेकर बैठक में तमाम आरोप लगाए जाने के साथ सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। कॉलोनी वासियों को गुस्सा इस बात को लेकर था कि सरकार की आयुष्मान योजना का लाभ लेकर गली मौहल्ले में अस्पताल शुरू हो गए हैं जहां मरीजों को यह कहकर लाते हैं कि उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और मामूली बीमारी का भी बड़ा इलाज दिखाकर डॉक्टर सरकारी योजना के तहत लाभ ले रहे हैं। मरीज इसलिए परेशान नहीं होता क्योंकि उसके घर से कोई पैसा नहीं जाता। मरीज लाने वाले को कमीशन दिया जाता है और इस तरह गली मौहल्लों में यह धंधा अस्पतालों के अंदर तेजी से पनप रहा है। कमीशन के लालच में जाट कॉलोनी स्थित हॉस्पिटल में 90 प्रतिशत से अधिक विशेष संप्रदाय के लोग आते हैं। एक-एक मरीज के साथ दर्जनों की संख्या में तीमारदार के रूप में आने और उनके वाहनों द्वारा यह आवासीय मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। बहू बेटियों को घर से बाहर निकलने में परेशानी होती है। सुबह शाम दोपहर रात में अस्पताल के बाहर अनजान लोगों के खड़े होने से आशंका हो रही है कि उनके घरों की रेकी हो रही है। उधर अस्पताल में बैठने की जगह न होने से दर्जनों, तो कभी सैंकड़ों तीमारदार सड़कों पर लोगों के घरों के सामने रैंप पर बैठे रहते हैं। जिनमें से

कई महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें करते हैं, वहीं नाली में बाथरूम करते हैं। ऐसे में कई छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी मगर हर तरह से अनभिज्ञता दिखाई गई जिसके बाद आज बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सैकड़ों लोगों ने फैसला लिया कि आवासीय क्षेत्र में अधिकारियों और संस्थाओं ने हॉस्पिटल को संचालित करने की अनुमति दी है, उसकी जानकारी आरटीआई के माध्यम से लेने के साथ ही उनके खिलाफ वाद दायर किया जाएगा और किसी भी घटना दुर्घटना होने के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। बैठक की अध्यक्षता इंजीनियर मांगेराम व संचालन बिट्टू सिखेड़ा ने किया। इस दौरान वार्ड सभासद शिवम बालियान, सत्यवीर वर्मा, ओमप्रकाश पंवार, विकास बालियान, प्रवीण जावला एड, विवेक तोमर, दिलावर सिंह, अमित तोमर मिक्कू, अजीत मलिक, मोहित बंटी, महेशो चौधरी, सुशीला देवी समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

चलती ट्रेन में दिनदहाड़े लूटपाटः चार यात्रियों को चाकू मारकर किया घायल

सहारनपुर, 13 नवंबर (एजेंसी)। बेखौफ बदमाशों ने जनसेवा एक्सप्रेस में चाकू मारकर चार यात्रियों से दिन-दहाड़े लूटपाट की। बदमाशों ने विरोध करने पर चार यात्रियों को चाकू मारकर घायल कर दिया। नगदी और मोबाइल फोन लूटने के बाद बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। बदमाशों ने जगाधरी और सहारनपुर के बीच वारदात को अंजाम दिया। जीआरपी और आरपीएफ ने घायलों को उपचार दिलाया है। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कोतवाली जीआरपी रिपोर्ट दर्ज की गई है। वारदात बुधवार दोपहर को हुई। ट्रेन संख्या 14619 अमृतसर सहरसा जनसेवा एक्सप्रेस दोपहर 12:15 बजे हरियाणा के जगाधरी रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इसी दौरान तीन बदमाश चाकू लेकर ट्रेन में सवार हो गए। ट्रेन के चलने के बाद बदमाशों ने जगाधरी और सहारनपुर के बीच यात्रियों से लूटपाट शुरू कर दी है। बदमाशों ने सबसे पहले मधेपुरा गणेशपुर त्रिपुरा टोला निवासी यात्री विवेक कुमार, दिलखुश कुमार, नेपाली कुमार, दीवानों कुमार से नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर चारों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। जब अन्य यात्रियों ने शोर मचाया तो बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। चारों पीड़ित मजदूरी करते हैं, जो व्यास से बरौनी जा रहे थे। वारदात से जीआरपी और आरपीएफ में हड़कंप मच गया। ट्रेन के सहारनपुर पहुंचते ही घायल यात्रियों को अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार दिलाया गया है। बदमाशों को पकड़ने के लिए जीआरपी की तीन टीमों को उच्चाधिकारियों ने लगाया है। बदमाश करीब 20 मिनट ट्रेन के अंदर रहे। ट्रेन के चलते ही तीनों बदमाशों ने चाकू निकाल लिए और यात्रियों से लूटपाट शुरू कर दी है। विवेक कुमार, दिलखुश कुमार, नेपाली कुमार, दीवानों से सबसे पहले लूट की। इससे यात्री दहशत में आ गए। कुछ यात्रियों ने हौंसला दिखाते हुए शोर मचा दिया, जिसके बाद बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। यात्रियों ने बदमाशों की फोटो खींचने की भी कोशिश की। बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद थे कि, उनको पुलिस का जरा भी खौफ नहीं था। 20 मिनट कोच में सवार महिलाएं बच्चे और अन्य यात्री दहशत में रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल

जानसठ, 13 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिमोड़ा पुलिया के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएससी जानसठ भिजवाया, जहां से एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे थाना क्षेत्र के गांव चितौड़ा निवासी इकमाल पुत्र सलीम व कसीम पुत्र समीम मोटर साइकिल लेकर अपने गांव से जानसठ की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पिमोड़ा पुलिया के सामने पहुंचे, तो आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक से ट्रैक्टर मोड़ दिया।

बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए। दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से इकमाल की गंभीर हालत को देखते हुए उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन उसे मेरठ ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

गांव मिर्जाटिल्ला में दो पक्षों में मेढ़ को लेकर हुए विवाद में दो लोग घायल

सिखेड़ा, 13 नवम्बर (बु.)। अंडूर चौकी क्षेत्र के मिर्जा टिल्ला के जंगल में फारूक पुत्र इब्राहिम निवासी असदनगर व नवजोत सिंह पुत्र चमकार सिंह निवासी मिर्जाटिल्ला के खेत बराबर बराबर है, वहीं पर फारूक के खेत की नवजोत सिंह ने मेड़ काट ली, जब इसका विरोध फारूक ने किया, तो दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ी कि मारपीट में बदल गई, जिसमें फारूक घायल हो गया, वहीं नवजोत सिंह के हाथ पर भी चोट आयी है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया और दोनों तरफ से तहरीर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट की अजित पवार गुट को नसीहत, कहा- अपने पैरों पर खड़े हों, शरद पवार की फोटो न करें इस्तेमाल

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट को नसीहत दी है। एनसीपी शरद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपी अजित पवार अपने पैरों पर खड़ी हो। चुनाव में शरद पवार की फोटो का इस्तेमाल न करें। क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने की जगह चुनाव पर ध्यान दें। कोर्ट ने अजित पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा कि अपने कार्यकताओं से कहें कि चुनाव में शरद पवार की फोटो, पुरानी या नई वीडियो क्लिप का उपयोग न करें। अपने कार्यकताओं, नेताओं और चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच ऑनलाइन सूचना जारी करके ऐसे निर्देश दें। मामले पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के लोग बुद्धिमान हैं जो अजित पवार और शरद पवार के बीच अंतर समझते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस युग में वह धोखा भी खा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को तय की है।

विद्युत विभाग की छापेमारी से मचा हाईवे पर हड़कंप

- 72 ढाबों व 30 घरों में हुई छापेमारी, 15 जगह पकड़ी चोरी

मुजफ्फरनगर, 13 नवम्बर (बु.)। पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता पवन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में विभागीय टीम की ओर से चलाए छापामार अभियान में 72 ढाबों के साथ 30 घरों में छापेमारी की गई। इस दौरान ढाबे, मकान समेत करीब 15 स्थानों पर विभागीय टीम ने बिजली चोरी पकड़ी। विद्युत अधिकारियों ने इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुजफ्फरनगर जनपद में योगी सरकार से मिले निर्देशों के बीच राजस्व वसूली और बिजली चोरी के ग्राफ को बढ़ाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच बड़े स्तर पर बिजली विभाग के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में अधीक्षण अभियंता से लेकर एक्सईएन, एसडीओ और जेई आदि की ड्यूटी धरातल पर कुछ कर दिखाने में लगी हुई है। ऐसे में विद्युत विभाग के सभी

अधिकारी अपनी-अपनी टीमों के साथ शहरी क्षेत्र के साथ हाईवे पर स्थित ढाबों पर चैकिंग कर रहे है। एक्सईएन डीसी शर्मा के अनुसार जानसठ रोड से रामपुर तिराहे तक ढाबों की चैकिंग देर रात्रि तक की गई। इस बीच एक ढाबे में बिजली चोरी मिली है। वहीं दूसरे ढाबे पर करीब डेढ़ वर्ष से बकाया बिल मिला। उधर अन्य टीमों के द्वारा की गई चैकिंग में तीन ढाबों पर मीटर में रीडिंग स्टोर पायी गई। वहीं 4 ढाबों पर अन्य अनियमितता पायी गई है। कुछ ढाबों पर अधिक लोड मिला, जिसे मौके पर ही कार्रवाई करते हुए बढ़ाया गया। इसके अलावा शामली रोड, पचेंडा रोड और जानसठ रोड आदि क्षेत्र में 12 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। उक्त सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

अतिक्रमण हटवाने पर पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठे ठेली वाले

- सीओ खतौली ने रेलवे रोड और शिव मूर्ति से हटवाया था अस्थाई अतिक्रमण

खतौली, 13 नवम्बर (बु.)। सीओ के निर्देशानुसार बीती देर रात्रि कोतवाली प्रभारी द्वारा शिव मूर्ति रेलवे रोड से पुनः हटवाये गये अस्थाई अतिक्रमण के विरोध में ठेलियों पर सब्जी व खाद्य सामग्री विक्रेताओं द्वारा दरी बिछाकर जानसठ रोड पर धरना देकर अपना आक्रोष व्यक्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश को लेकर गत सोमवार देर रात्रि सीओ रामाशीष यादव द्वारा पुलिस बल लेकर शिव मूर्ति रेलवे रोड पर खड़े रेहड़े व ठेले पर सब्जी व अन्य खाद्य सामग्री विक्रेताओं का अतिक्रमण सख्ती बरतते हुए हटवाने के साथ ही पुनः सड़कों पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई थी। मंगलवार दोपहर तक तो कोतवाली पुलिस की सख्ताई का असर दिखा तथा रेलवे रोड का मानचित्र ही पहली बार बदला दिखाई दिया, जिससे रेलवे स्टेशन पर आने जाने व निकटवर्ती कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस लेते हुए कोतवाली पुलिस को धन्यवाद दिया, परन्तु सायं होते ही रेलवे रोड पुनः सब्जी मण्डी के रूप में बदलता दिखाई देने से नागरिक आश्चर्य चकित हो